सौराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों को बढ़ावा

4946. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सौराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग लगाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए कोई समिति गठित की है;

(ख) सरकार द्वारा इस क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक क्रान्ति लाने के लिये और वहां के बेरोजगार युवाओं को स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के बजट में इस योजना के लिये कितनी राशि आवंटित की है?

उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) जी, नहीं ।

(ख) शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए प्रधान मंत्री की रोजगार योजना सारे देश में कार्यान्वित की जा रही है । इसके अलावा, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग भी सौराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों सहित सारे देश में ग्रामीण उद्योगों के संवर्धन और रोजगार सृजन हेतु अनेक योजनाएं चला रहा है ।

(ग) चालू वित्तीय वर्ष (1994-95) के बजट में प्रधान मंत्री रोजगार योजना के लिए 145 करोड़ रुपये और खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग की योजनाओं हेतु 214 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है ।

मध्य प्रदेश में निजी उद्यमियों द्वारा उद्योगों की स्थापना

4947. **श्री अजीत जोगी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को निजी उद्यमियों से मध्य प्रदेश के विभिन्न भागों में उद्योगों की स्थापना करने के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार के उद्योग लगाए जाने की संभावना है और उन्हें कहां-कहां पर लगाया जायेगा तथा इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति दे दिये जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) निजी उद्यमों से मध्य प्रदेश के रायपुर, इंदौर, रायसेन, बिलासपुर, दुर्ग, ग्वालियर, भिंड, सिधि, पूर्वी निमार, रतलाम, धार, उज्जैन, छिन्दवाड़ा, भोपाल, शहडोल आदि जिलों में उद्योग लगाने के लिए 1992 और 1993 के दौरान 68 आवेदन आशय पत्रों की मंजूरी के लिए प्राप्त हुए ।

ये आवेदन अनुसूचित उद्योगों यानि औषध एवं भेषज, चीनी, वस्त्र, चमड़ा, विस्फोटक, ईंधन तथा रसायन आदि से संबंधित विभिन्न मदों के विनिर्माण के लिए हैं ।

(ग) उपर्युक्त 68 आवेदनों में से 44 आशय पत्र मंजूर किये गये हैं और 22 आवेदन नामंजूर किये गये हैं (1-4-94 की स्थिति के अनुसार) ।

स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना को लिये सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा धनराशि का उपयोग

4948. **श्री अजीत जोगी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आर्थिक सुधार आरम्भ करने के बाद से अब तक स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति योजना को अपनाने वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों की उपक्रम-वार और पद-वार संख्या कितनी है;

(ख) इस प्रयोजनार्थ राष्ट्रीय नवीकरण कोष में अलग से कूल कितनी धनराशि रखी गई हैं, और

(ग) इस प्रयोजनार्थ सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम द्वारा अब तक कूल कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है?

उद्योग मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) 31-3-1993 को समाप्त 4 वर्षों की अवधि तक के आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध हैं, जिसके अनुसार सरकारी क्षेत्र के 120 उद्योग में कार्यरत 88,371 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प दिया है ।

(ख) वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को 829.66 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई थी । वर्ष 1993-94 के संशोधित अनुमानों में इसी उद्देश्य के लिए 791 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है ।

(ग) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उद्यम द्वारा राष्ट्रीय नवीकरण कोष से प्राप्त राशि के उपयोग का ब्यौरा विवरण के रूप में संलग्न है ।

विवरण

वर्ष 1992–93 तथा 1993–94 के दौरान सरकारी उद्यमों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना हेतु राष्ट्रीय नवीकरण कोष से ली गई धनराशि का उपयोग

क्र० सं०	सरकारी क्षेत्र के उद्यम का नाम	स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना हेतु इस्तेमाल की गई राशि (लाख रुपयों में)	
		1992–93	1993–94
1	2	3	4
1.	इण्डियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लि०	1560.00	1000.00
2.	हिन्दुस्तान इंसेक्टीसाइड्स लि०	164.00	53.55
3.	बंगाल इम्युनिटी लि०	157.67	7.30
4.	स्मिथ स्टेनिस्ट्रीट एण्ड फार्मा० लि०	201.55	65.41
5.	बंगाल कैमिकल्स एण्ड फार्मा० लि०	192.77	136.77
6.	माडर्न फूड इण्डस्ट्रीज लि०	8.00	51.41
7.	नेशनल टेक्सटाईल कारपो० (डी०पी०आर०) लि०	730.42	372.93
8.	नेटेका (मध्य प्रदेश) लि०	2493.88	606.62
9.	नेटेका (उत्तर प्रदेश) लि०	3056.14	1191.26
10.	नेटेका (साउथ महाराष्ट्र) लि०	1952.58	603.91
11.	नेटेका (महाराष्ट्र नार्थ) लि०	2051.30	897.78
12.	नेटेका (गुजरात) लि०	4039.99	369.97
13.	नेटेका (आंध्र प्रदेश), कर्नाटक, केरल एवं गोवा लि०	1123.07	554.02
14.	नेटेका (तमिलनाडु एवं पांडिचेरी) लि०	126.39	35.65

1	2	3	4
15.	नेटेका (पश्चिम बंगाल, असम, बिहार एवं उड़ीसा) लि०	2874.17	517.35
16.	अधिगृहीत कारखाने, बम्बई	1482.84	1111.89
17.	नेटेका (धारक कंपनी)	--	22.41
18.	एल्गिन मिल्स लि०	836.00	1394.00
19.	कानपुर टेक्सटाईल मिल्स लि०	302.00	278.00
20.	नेशनल जूट मैन्यु० कारपो०	99.00	694.00
21.	भारतीय पटसन निगम लि०	27.12	18.72
22.	हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन कं० लि०	1067.00	2303.00
23.	भारत रिफ्रैक्ट्रीज लि०	150.00	297.00
24.	बडर्स ग्रुप ऑफ कंपनी	415.00	805.00
25.	भारत गोल्ड माइन्स लि०	--	981.00
26.	खनिज गवेषण निगम लि०	--	230.00
27.	हिन्दुस्तान कापर लि०	--	1402.00
28.	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लि०	35.00	690.00
29.	पायराइट्स, फास्फेट्स एण्ड कैमिकल्स लि०	36.90	34.87
30.	भारतीय परियोजना एवं विकास निगम लि०	604.00	173.00
31.	भारतीय उर्वरक निगम लि०	1304.00	333.00
32.	हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर्स कारपो० लि०	712.00	594.00
33.	हिन्दुस्तान वेजीटेबल ऑयल कारपो० लि०	--	406.00
34.	भारत अर्थ मूवर्स लि०	--	886.52
35.	हिन्दुस्तान शिपयार्ड लि०	1138.00	658.47
36.	दिल्ली परिवहन निगम	--	4215.00
37.	हुगली डॉक एण्ड पोर्ट इंजीनियर्स लि०	216.00	416.00
38.	केन्द्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन निगम लि०	--	752.00
39.	भारी इंजीनियरी निगम लि०	4100.00	1400.00
40.	हिन्दुस्तान फोटो फिल्म मैन्यु० कंपनी लि०	129.00	16.42
41.	माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपो०	1712.00	946.00
42.	ब्रिज एण्ड रूफ कंपनी लि०	207.00	75.00
43.	रिचर्डसन एण्ड क्रूडास लि०	1459.00	250.00
44.	त्रिवेणी स्ट्रकचरल्स लि०	341.00	225.00
45.	नेपा मिल्स लि०	106.00	53.71
46.	इस्ट्रूमेंटेशन लि०	199.82	144.24
47.	भारतीय राष्ट्रीय बाईसाईकल निगम लि०	207.00	52.00

1	2	3	4
48.	भारतीय टायर निगम लि०	386.00	341.00
49.	राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम लि०	24.00	12.00
50.	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इण्डिया लि०	—	1.00
51.	नेशनल इस्ट्रूमेंट्स लि०	150.00	150.00
52.	भारत लेदर कारपो० लि०	—	11.00
53.	भारतीय सीमेंट निगम लि०	299.00	110.00
54.	स्कूटर इण्डिया लि०	—	60.00
55.	टेनरी एण्ड फुटवियर कारपो० आफ इंडिया	200.00	65.00
56.	हिन्दुस्तान पेपर कारपो० लि०	253.00	390.00
57.	एच० एम० टी० लि०	—	500.00
58.	उद्योग पुनर्स्थापन निगम लि०	474.00	307.00
59.	भारत आप्थैल्मिक ग्लास लि०	50.00	24.00
60.	बर्न स्टैण्डर्ड कंपनी लि०	—	413.00
61.	जेसप एण्ड कंपनी लि०	—	198.00
62.	ब्रेथवेट एण्ड कंपनी लि०	1448.00	237.00
63.	भारत प्रोसेस एण्ड मैकेनिकल इंजी० लि०	—	41.00
64.	वेबर्ड (इण्डिया) लि०	—	21.00
65.	भारत भारी उद्योग निगम लि०	—	18.00
66.	आर० बी० एल०	—	39.00
67.	भारतीय पर्यटन विकास निगम	873.00	—
68.	हिन्दुस्तान केबल्स लि०	15.00	—

Proposals from NRI's for getting up industries in Kutch region

4949. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) what is the number of proposals received by the Union Government from Non-Resident Indians to set up Industries in Kutch Region of Gujarat during the last three years; year-wise;

(b) what action has been taken up Government so far on these proposals and what are the major industries, for the setting up of which in Kutch Region permission has been sought; and

(c) what is the number of proposals cleared by Government so far and by when the remaining proposals are likely to be cleared, giving the details in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI KRISHNA SAHI) : (a) to (c) Details of proposals approved for setting up of industries with NRI investment location-wise during the years 1991 and 1992 were not maintained. However, during the year 1993, no proposal from NRIs has been approved for setting up of industries in Kutch Region of Gujarat..